भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 3530

दिनांक 03.04.2017 को उत्तर दिए जाने के लिए

हिमाचल प्रदेश में 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत स्वच्छता के मामले में प्रगति

3530. श्रीमती विप्लव ठाकुरः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत देश के सभी धार्मिक और पर्यटक स्थलों में स्वच्छता के मामले में हुई प्रगति की समीक्षा की है और यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले;

(ख) क्या हिमाचल प्रदेश में धार्मिक और पर्यटन स्थलों में और उनके आस–पास फैले कूड़ा–करकट के कारण तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) से (ग) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत सभी गांवों में खुले में शौच को समाप्त करने तथा कचरे और तरल प्रबंधन पर बल दिया गया है। इसके अलावा, सरकार ने स्वच्छ आईकॉनिक प्लेसेज (एसआईपी) की पहल शुरू की है, जिसमें देश के 100 प्रसिद्ध स्थानों की सफाई करने के लिए विशेष प्रयास किए जाने हैं। इसका स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा समन्वय किया जा रहा है। इस पहल के प्रथम चरण में दस प्रसिद्ध स्थानों की पहचान की गई है। शेष स्थानों की पहचान करना अभी बाकी है। पहचाने गए 10 स्थानों के संबंध में, संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य/स्थानीय सरकारों/स्थानीय प्रबंधन, पीएसयू आदि सहित सभी स्टेकहोल्डरों ने संयुक्त रूप से कार्य योजनाएं तैयार की हैं जो कार्यान्वयनाधीन हैं। इन दस प्रसिद्ध स्थानों का राज्य-वार नाम इस प्रकार हैः-

क्र.सं.	राज्य	प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के नाम
1	असम	कामाख्या मंदिर, गुवाहटी
2	आंध्र प्रदेश	तिरूमला तिरुपति देवस्थाम, तिरूपति
3.	जम्मू एवं कश्मीर	वैष्णो देवी मंदिर, कटरा
4.	ओडिशा	जगन्नाथ मंदिर, पुरी
5.	महाराष्ट्र	छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, मुम्बई
6.	पंजाब	स्वर्ण मंदिर, अमृतसर
7.	राजस्थान	अजमेर शरीफ दरगाह, अजमेर
8.	तमिलनाडु	मीनाक्षी मंदिर , मदुरै
9.	उत्तर प्रदेश	ताजमहल, आगरा
10.	उत्तर प्रदेश	मणिकर्णिकाघाट, वाराणसी